कार्यालय–नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, जालौन स्थान उरई।

सूचना/विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पत्रांक 7057/एडमिन(बी0–पांच) सेक्शन दिनांकित 19.11.2015 में निहित निर्देशो एवं माननीय जनपद न्यायाधीश, जालौन स्थान उरई के आदेश दिनांक 25.04.2016 के अनुपालन में जनपद न्यायालय जालौन स्थान उरई के मुख्यालय उरई स्थित दस कक्षीय न्याय भवन, एफ0टी0सी0 भवन व अन्य सम्बन्धित भवनों/अनुभागों में विद्युत कटौती के दौरान उचित विद्युत आपूर्ति बनाये रखने हेतु 100 के0वी0ए0 की क्षमता वाला एक साइलेन्ट डीजल जनरेटर सेट को क्रय किये जाने एवं उसे स्थापित कराये जाने हेतु प्रमाणित (Standard) एवं मान्यता प्राप्त (Recognized) कम्पनियो से शीलबन्द टेण्डर आमन्त्रित किये जाते है। टेण्डर प्रस्तुतकर्ता अपने टेण्डर में जनरेटर सेट का मूल्य, टैक्स की धनराशि व स्थापना कराये जाने का व्यय अलग– अलग स्पष्ट रूप से अंकित करेगें ताकि प्राप्त विभिन्न टेण्डरो में अंकित विभिन्न मदो (Items) की दर्शित धनराशियों की तुलना स्पष्ट रूप से कराना सम्भव हो सके।

उपरोक्त के सम्बन्ध में शील बन्द टेण्डर दिनांकित 16.06.2016 को अपरान्ह 02.00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय जालौन स्थान उरई को डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रेषित/प्रस्तुत किये जा सकते है।

उक्त सूचना/विज्ञप्ति माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेवसाइट **"www.allahabadhighcourt.in"** व जनपद न्यायालय जालौन स्थान उरई की वेबसाइट **"ecourts.gov.in/jalaun"** पर भी उपलब्ध है।

दिनांक:–

(श्रीनाथ सिंह)
अध्यक्ष क्रय समिति
अपर जिला जज, कक्ष संख्या–02
जनपद न्यायालय,जालौन स्थान उरई।

प्रतिलिपि सेवा में:–

1. कार्यालय जिलाधिकारी, जालौन स्थान उरई को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
2. अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, उरई को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
3. अधिशाषी अभियन्ता सा0नि0वि0, उरई को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
4. जनपद न्यायालय ललितपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
5. वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, जजशिप उरई को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
6. दैनिक कर्मयुग प्रकाश उरई को निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
7. जनपद न्यायालय हमीरपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
8. जनपद न्यायालय कानपुर देहात के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
9. जनपद न्यायालय कानपुर शहर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेत।
10. जनपद झांसी न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेत।
11. बाह्य स्थित न्यायालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
12. जिला सूचना अधिकारी, जालौन स्थान उरई को निःशुल्क प्रचार प्रसार करवाने हेतु।
13. श्रीमान् ओ0()एस0डी0 (कम्प्यूटर्स) माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद को माननीय उच्च न्यायालय की बेबसाईट पर सूचना को प्रदर्शित कराये जाने के अनुरोध सहित।
14. कम्प्यूटर अनुभाग जिला जजी उरई को जनपद न्यायालय उरई की बेबसाईट पर प्रदर्शित करवाये जाने हेतु।

दिनांक:– 01/06/16

(श्रीनाथ सिंह)
अध्यक्ष क्रय समिति
अपर जिला जज, कक्ष संख्या–02
जनपद न्यायालय,जालौन स्थान उरई।
01/06/16

अध्यक्ष
क्रय समिति
जनपद न्यायालय
उरई (जालौन)